SLCM GROUP IN NEWS:

Publication	Date	Edition	Page No
Amrit India	March 20, 2025	Delhi	7

निर्भय-निष्पक्ष-निरन्तर

अमृत इंडिया

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

एसएलसीएम ने म्यांमार में नेतृत्व को किया मजबूत, फियो मे विन बनीं कंट्री हेड

नई दिल्ली। भारत की प्रमुख पोस्ट-हार्वेस्ट लॉजिस्टिक्स और कृषि समाधान कंपनी सोहन लाल कमोडिटी मैनेजमेंट ने म्यांमार में अपने संचालन के लिए फियो मे विन को बिजनेस डेवलपमेंट और रणनीतिक पहलों की कंट्री हेड नियुक्त किया है। इस भूमिका में फियो मे विन म्यांमार में एसएलसीएम के संचालन की देखरेख करेंगी, रणनीतिक विकास को गति देंगी और भागीदारियों को मजबूत करेंगी, जिससे कंपनी की बाजार में स्थिति और सुदृढ़ होगी। यह नियुक्ति म्यांमार में कृषि और गैर-कृषि उत्पादों के लिए वैज्ञानिक वेयरहाउसिंग समाधान और डिजिटल तकनीकों के संयोजन (फिजिटल सॉल्यूशंस) को लागू करते हुए एसएलसीएम के संचालन के विस्तार की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। फियो मे विन एक एमबीए और प्रमाणित परियोजना प्रबंधन विशेषज्ञ हैं। उनके पास लगभग 24 वर्षों का व्यापक अनुभव है और उन्होंने व्यावसायिक विकास, बिक्री नेतृत्व और रणनीतिक वृद्धि के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य किया है। वह संयुक्त राष्ट्र (खाद्य और कृषि परियोजनाओं), प्रमुख हॉस्पिटैलिटी ब्रांड्स और प्रूडेंशियल जैसी कंपनियों में अहम पदों पर रह चुकी हैं। एसएलसीएम म्यांमार के वेयरहाउसिंग क्षेत्र में प्रवेश करने वाली पहली भारतीय कंपनी है और पिछले 10 वर्षों में इस बाजार में अच्छी प्रगति की है। अब तक कंपनी 300 से अधिक वेयरहाउस का संचालन कर चुकी है, जिनका कुल प्रबंधन मूल्य 88.72 मिलियन अमेरिकी डॉलर लगभग 722 करोड़ रुपये है। कंपनी म्यांमार के विभिन्न उद्योगों में 1600 से अधिक कृषि और गैर-कृषि उत्पादों के लिए संपूर्ण वेयरहाउसिंग समाधान प्रदान कर रही है। तकनीकी नवाचारों के माध्यम से एसएलसीएम परिचालन उत्कृष्टता को नई ऊंचाइयों पर ले जा रही है। इस नियुक्ति पर एसएलसीएम के समूह मुख्य सीईओ संदीप सभरवाल ने कहा, हम म्यांमार में अपने संचालन का नेतृत्व करने के लिए एसएलसीएम की टीम में फियो मे विन का स्वागत करते हुए बहुत उत्साहित हैं। म्यांमार के बाजार की उनकी गहरी समझ, व्यावसायिक विकास और रणनीतिक विस्तार में उनकी विशेषज्ञता, एसएलसीएम के अगले चरण के विस्तार का मार्गदर्शन करने के लिए उन्हें आदर्श लीडर बनाती है।